अतिसय प्रीति देखि रघुबीरा । प्रगटे हृदयँ हरन भव भीरा ॥
मुनिहि राम बहु भाँति जगावा । जाग न ध्यान जनित सुख पावा ॥
भूप रूप तब राम दुरावा । हृदयँ चतुर्भुज रूप देखावा ॥
| Ram Katha 931 - मानस चतुर्भुज || Limbdi - Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 210 | इंदौर, शुक्रवार 09 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Haldwani Violence : बवाल, कर्फ्यू और इंटरनेट ठप... छह की मौत और 300 से अधिक लोग घायल
2. Abhishek Ghosalkar Murder: फेसबुक लाइव में उद्धव गुट के नेता की हत्या की जांच क्राइम ब्रांच को
3. Railways Land-For-Job Case: बिहार की पूर्व CM राबड़ी देवी, बेटियों मीसा और हेमा को राहत, कोर्ट से अंतरिम जमानत
4. योगी का भाषण: नंदी, कृष्ण, महाभारत, कौरवों जैसे शब्दों के क्या हैं असल मायने, विपक्ष के पास क्या है इसकी काट?
5. Donald Trump: राष्ट्रपति चुनाव के लिए ट्रंप की एक और कामयाबी, नेवादा में रिपब्लिकन उम्मीदवारी की पहली रेस जीते
6. मौलाना तौकीर के एलान पर अलर्ट: बरेली में छह ASP, 12 सीओ ने संभाली कमान, चप्पे-चप्पे पर फोर्स, ड्रोन से निगरानी

# दिग्गी-कमलनाथ के बाद बड़े नेताओं का लोकसभा लड़ने से इनकार

## दिल्ली में आज होगी स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग, बायोडाटा लेकर पहुंचे पटवारी, सिंघार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के सामने लोकसभा चुनाव बड़ी चुनौती है। पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते। दोनों सीनियर लीडर्स के बाद कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। अब कांग्रेस के सामने लोकसभा चुनाव के लिए दमदार चेहरों का चयन करना बड़ी चुनौती बन रहा है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सारे बायोडाटा लेकर दिल्ली पहुंचे हैं।

### आज होगी स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग

दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में आज 11 बजे से कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। इस बैठक में मप्र की 29 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी। मप्र की 29 सीटों के लिए नियुक्त समन्वयकों के सामने जिन नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए दावेदारी की है। और विधानसभा स्तरीय बैठकों में जिन नेताओं के नाम सामने आए हैं उन नामों पर आज दिल्ली में चर्चा होगी। गुरुवार को भी एमपी की सीटों के नामों का पैनल नहीं बन सका, अब दिल्ली में ही कुछ निर्णय हो सकता है।

### ये नेता नहीं लड़ना चाहते लोकसभा का चुनाव

कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा, सज्जन सिंह वर्मा, बाला बच्चन, संजय शुक्ला, विशाल पटेल, दीपक जोशी, तरुण भनोत, नारायण सिंह पट्टा, संजय शर्मा, अरुण यादव, विशाल पटेल, सहित कई अन्य ऐसे नेता जिनको लोकसभा का चेहरा माना जा रहा है। कई ऐसे सीनियर लीडर लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं।

### इन सीटों पर ये नाम प्रमुखता से आए सामने

- **मुरैना** - डॉ. गोविंद सिंह, नीटू सिकरवार, अतुल चौहान
- **भिंड**- देवाशीष जरारिया, फूल सिंह बरैया
- **ग्वालियर**- अशोक सिंह, रामसेवक गुर्जर, प्रवीण पाठक



- **गुना**- वीरेंद्र रघुवंशी, राव यादवेंद्र यादव, केपी सिंह कक्का जू
- **सागर** - प्रभु सिंह ठाकुर, अरुणोदय चौबे, आनंद अहिरवार
- **टीकमगढ़** - किरण अहिरवार, पंकज अहिरवार, अरविंद खटीक, संजय कसगर
- **दमोह**- रामसिया भारती, हर्ष यादव, जया ठाकुर, तरवर लोधी
- **खजुराहो** - आलोक चतुर्वेदी, लखन लाल पटेल, कविता राजे
- **सतना** - नीलांशु चतुर्वेदी, दिलीप मिश्रा
- **रीवा** - अजय मिश्रा , राजेंद्र मिश्रा, सुखेंद्र सिंह बन्ना
- **सीधी** - सोनम सिंह, ज्ञानेंद्र द्विवेदी
- **शहडोल**- फुंदे लाल मार्को, यशोदा सिंह पटले, तिलक राज सिंह
- **जबलपुर** - तरुण भनोट, अंजू बघेल, दिनेश यादव
- **मंडला**- अशोक मर्सकोले, ओमकार मरकाम, नारायण सिंह पट्टा
- **बालाघाट** - हिना कावरे, सम्राट सरसवार
- **छिंदवाड़ा**- नकुल नाथ
- **होशंगाबाद**- गिरजा शंकर शर्मा, रामेश्वर नीखरा
- **विदिशा** - प्रताप भानु शर्मा, अनुमा आचार्य, शशांक भार्गव, आनंद जाट
- **भोपाल** - जीपी माली, श्याम श्रीवास्तव, संगीता शर्मा, अवनीश भार्गव, ऋचा गोस्वामी, गोविंद गोयल
- **राजगढ़** - प्रियव्रत सिंह, रामचंद्र दांगी, लक्ष्मण सिंह
- **देवास** - विपिन वानखेड़े, कमल चौहान
- **उज्जैन** - महेश परमार, रामलाल मालवीय
- **मंदसौर** - नवकृष्ण पाटिल, नंदकिशोर पटेल, विपिन जैन
- **रतलाम** - कांतिलाल भूरिया, हर्षविजय गहलोत, जेवियर मेड़ा
- **धार** - सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, महेंद्र कन्नौज, राधेश्याम मुवेल
- **इंदौर** - जीतू पटवारी, सत्यनारायण पटेल
- **खरगोन** - ग्यारसी लाल रावत, पोर लाल खरते
- **खंडवा** - राजनारायण सिंह पुरनी, अरुण यादव, सुरेंद्र सिंह शेरा, पूनम पटेल, अवधेश सिसोदिया
- **बैतूल** - रामू टेकाम, धरमू सिंह सिरसाम

# नगरीय निकायों में चलेंगी पिंक बसें

## प्रायोगिक तौर पर दो पिंक बसों का संचालन इंदौर में शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय निकायों के माध्यम से सरकार पिंक बसें चलाएगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई ने प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों के सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा के लिए पत्र जारी कर नगरीय निकायों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्देशित किया है कि यह व्यवस्था नगरीय निकायों में जल्द शुरू की जाए। इंदौर नगर निगम में प्रायोगिक तौर पर दो पिंक बसों का संचालन शुरू कर दिया है।**




प्रदेश में 16 नगर निगम सहित भिंड, गुना, शिवपुरी, विदिशा में नगर पालिका परिषद में पिंक बसों की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। प्रदेश में अमृत योजना एवं जेएनएनयूआरएम के तहत करीब 13 हजार नगरीय बसों का संचालन किया जा रहा है।

पिंक बसों में बस संचालक एवं परिचालक (कंडक्टर) महिला ही होगी। बसों में केवल महिला यात्री ही यात्रा कर सकेगी। महिला चालक एवं परिचालक के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य होगा। महिला चालक के लिए लाइसेंस और ट्रेनिंग की व्यवस्था होगी। स्मार्ट सिटी शहरों में पिंक बसों की निगरानी कमांड सेंटर के माध्यम से की जाएगी।

### ऐसे क्षेत्रों में आरंभ होगी सुविधा

नगरीय निकायों के उन क्षेत्रों में पिंक बस की व्यवस्था की जाएगी, जहां शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में महिलाओं का आवागमन अधिक होता है। इसके साथ ही महिला यात्री को टिकिट की सुविधा के साथ डिजिटल रूप में पेमेंट करने की व्यवस्था भी रहेगी।

### बसों की लाइव लोकेशन की सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से

प्रदेश के जिन नगरीय क्षेत्रों में बसों की लाइव लोकेशन की सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से प्रदान की जा रही है, यह सुविधा पिंक बसों में भी होगी। बसों में वरिष्ठ नागरिक एवं शारीरिक रूप से विकलांग यात्री के लिए सीट आरक्षित रहेगी। सभी पिंक बसों में जीपीएस एवं पैनिक बटन होंगे। शहरी क्षेत्रों में पिंक बसों के संचालन से सिटी बसों में महिला यात्रियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह निडर होकर यात्रा कर सकेगी।

# वायु इंडिया ने अपना आठवां वार्षिक दिवस मनाया

## विदेशों में भी लगातार बढ़ रही है वायु की डिमांड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एयर हैंडलिंग यूनिट्स (एएचयू) की वायु इंडिया ने अपना आठवां वार्षिक दिवस मनाया. चुनिंदा आमंत्रित मेहमानों के बीच इस अवसर पर डॉ जगदीश वर्मा और आईएएस श्रीमती स्मिता भारद्वाज विशेष अतिथि बतौर शामिल हुए।**

इस अवसर पर चेयरमैन व मैनिजिंग डायरेक्टर डॉ. प्रियंका मोक्षमार ने कहा वायु इंडिया ने पिछले वर्ष अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, जहां एक ओर यह एक और सफल वर्ष रहा, वहीं दूसरी ओर हमने एक टीम के रूप में हमें मिली सारी चुनौतियों का सामना करने और उन्हें पार कर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का साहस दिखाया है।

कार्यक्रम में सभी उपस्थितों का धन्यवाद देते हुए डायरेक्टर प्रणव मोक्षमार ने कहा हमारी सफलता का श्रेय हमारे मेंटर्स को और विशेषकर कर्मचारियों को जाता है, जिन्होंने अपने योगदान, समर्पण, और अद्वितीयता से कंपनी को नए ऊँचाइयों तक पहुंचाने में मदद की है. हम विश्वास करते हैं कि हमारी कड़ी मेहनत, नवाचार, और गुणवत्ता पर ध्यान देने का हमारा संकल्प हमें आने वाले वर्षों में भी सफलता की ऊँचाइयों तक पहुंचाएगा। इस मौके पर वायु इंडिया ने अपने श्रेष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

# शिवनगर मूसाखेड़ी में सामाजिक सरोकार का कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जन विकास सोसायटी आश्रम केम्पस पालदा इन्दौर शिवनगर मूसाखेडी (थाना आजाद नगर) में सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर द्वारा आज एक कार्यशाला पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई । कार्यशाला में संस्था की श्रीमती गीता चौहान उप पुलिस अधीक्षक, श्रीमती शैलजा पटवा उप पुलिस अधीक्षक, वैज्ञानिक अधिकारी श्रीमती सुचिता पाण्डेय, प्रभारी रक्षित निरीक्षक गोविन्द वर्मा, निरीक्षक राजकुमार राठौर, निरीक्षक स्वराज डाबी, निरीक्षक श्रीमती प्रियंका कामले, डॉक्टर विवेक जैन एवं जन विकास सोसायटी आश्रम केम्पस पालदा इन्दौर के निदेशक श्री सिनोज जोसफ, समन्वयक सूरेश परमार एवं मेंबर शिव कुमार चौहरे शामिल हुए । जन विकास सोसायटी आश्रम केम्पस पालदा इन्दौर के समन्वयक श्री सुरेश परमार द्वारा बच्चों/महिलाओं को अच्छे समाज की स्थापना हेतु बताया गया कि किसी भी अपराध को रोकने हेतु एकजुटता के साथ खडे होकर आवाज उठाना होगी कार्यक्रम समाप्ति के पशचात बच्चों को बिस्किट वितरण किया गये । आयोजन के दौरान लगभग 150 बच्चे/महिला/पुरुष उपस्थित हुए आयोजन में तकनीकी सहायता हेतु प्रआर. 114 आतिफ खिलजी, आर.120 ऋषि कुमार एवम संस्था का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा ।

# विकास कार्यों को लेकर एमआईसी सदस्य और अफसरों ने किया दौरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में चल रहे विकास कार्यों के तहत मंगलवार को झोन क्रमांक 18 वार्ड क्रमांक 51 एवं 52 में भवन अनुज्ञा शाखा एवं कॉलोनी सेल के अधिकारियों को साथ लेकर एमआईसी सदस्य राजेश उदावत ने मौका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम के अफसरों को कई निर्देश दिए गए।**

वार्ड 51 अंतर्गत ग्राम मुसाखेड़ी सर्वे क्रमांक 136 पार्ट बैग फैक्ट्री पर किए जा अवैध भवन निर्माण एवं अवैध कॉलोनी निर्माण पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक एवं कॉलोनी सेल को निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार वार्ड 51 अंतर्गत ग्राम मुसाखेड़ी सर्वे क्रमांक 345 पार्ट पर किए जा रहे अवैध क्रय विक्रय एवं विभाजन कर अवैध कॉलोनी निर्माण की जांच करने हेतु भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक एवं उपयंत्री कॉलोनी सेल को निर्देशित किया गया। इसके अलावा वार्ड 52 अंतर्गत ग्राम मुसाखेड़ी सर्वे क्रमांक 219 एवं 220 पर किए जा रहे अवैध कॉलोनी निर्माण पर प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु भवन अधिकारी, भवन निरीक्षक एवं उपयंत्री कॉलोनी सेल को निर्देशित किया गया।

कटाक्ष



©www.detectivegroupreport.com

# स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. का दो दिनी स्टडी टूर 12 फरवरी से

## 40 सदस्यीय दल एमसीयू एवं विधानसभा का दौरा करेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. का दो दिवसीय स्टडी टूर 12 एवं 13 फरवरी को आयोजित किया गया है। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल एवं टूर संयोजक रचना जौहरी ने बताया कि 12 एवं 13 फरवरी को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (एमसीयू) में मीडियाकर्मियों के कौशल उन्नयन के लिये सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया है। कुल छह सत्रों में सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्यूनिटी रेडियो, मोबाइल जर्नलिज्म और मीडिया शिक्षा, खबरों में फैक्ट चेक पर वरिष्ठ प्रोफेसर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देंगे। 40 सदस्यीय मीडियाकर्मियों का दल बिशनखेड़ी स्थित विश्वविद्यालय के नवीन कैंपस का अवलोकन भी करेगा। प्रतिभागियों को कुलपति डॉ. के जी सुरेश सर्टिफिकेट प्रदान करेंगे। स्टडी टूर के दूसरे चरण में 13 फरवरी को दोपहर में मीडियाकर्मी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, म.प्र. विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं अन्य मंत्रिगणों से सौजन्य भेंट करेंगे। मीडियाकर्मियों का दल विधानसभा की कार्यवाही एवं लायब्रेरी का अवलोकन भी करेंगे।

# प्रदेश की 407 स्थानीय निकाय 99 करोड़ रुपए की राशि आहरित कर सकेगी

**इन्दौर।** नगरीय विकास विभाग के 407 निकायों को पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क के अंतर्गत 99 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि कोषालय से आहरण करने की अनुमति मिल गई है। यह अनुमति वित्त विभाग द्वारा प्रदान की गई है। नगरीय विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्थानीय निकायों की वित्तीय दिक्कतों को देखते हुए वित्त विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई थी।

# ज्यादा लॉस वाले बिजली फीडरों की कुंडली खंगालना जरूरी

## अवैध कॉलोनी में विद्युत कनेक्शन नियमानुसार प्रदान किए जाए

### → सुरक्षा नियमों के पालन कराए और नए कनेक्शन समय पर दे: श्री तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिजली उच्च क्षमता के ग्रिडों से प्राप्त करना, उपभोक्ताओं को मांग के अनुसार गुणवत्ता के साथ बिजली उपलब्ध कराना हमारा मूल कार्य है। बिजली की मांग पूर्ति के मिलान के साथ ही समय पर राजस्व संग्रहण और लॉस में क्रमोत्तर कमी लाना सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। जिन फीडरों पर ज्यादा लॉस है, वहां की कुंडली खंगालना जरूरी हैं। लॉस के कारण का समय पर समाधान भी किया जाए, वह चोरी रोकने, तकनीकी लॉस , उपकरणों की खराबी सुधार कार्य इत्यादि हो सकता हैं।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने यह बात कहीं। वे गुरुवार को पोलोग्राउंड इंदौर में 15 जिलों के बिजली अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि वितरण ट्रांसफार्मर एवं पावर ट्रांसफार्मर ओवर लोड नहीं होना चाहिए। यह हमारे लिए बहुत ही परेशानी का कारण होता हैं। फीडर लॉस कम करने एवं ट्रांसफार्मरों पर नियमानुसार लोड़ के बारे में अधीक्षण यंत्री सतत समीक्षा भी करें। श्री तोमर ने कहा कि शहरों में शून्य खपत वाले बिजली कनेक्शनों की सतत जांच हो, शून्य खपत का वैध कारण भी लिखा जाए। उन्होंने आरडीएसएस के तहत नए सब स्टेशन, अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर, फीडर सेपरेशन, नई लाइन, अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, केपेसिटर बैंक इत्यादि कार्य समय पर करने के निर्देश दिए। श्री तोमर ने कहा कि सामान्य जरूरी कार्य की आवश्यकता पर पूर्व नियोजित शट डाउन ही लिया जाए, अत्यंत जरूरी, आकस्मिकता वाले कार्य ही गैर पूर्व नियोजित श्रेणी के रहे, इनका भी कारण सहित लेखा जोखा रखा जाए। प्रबंध निदेशक ने अवैध कॉलोनी में विद्युतीकरण कार्य, नियमानुसार राशि जमा कर कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। विद्युतीकृत क्षेत्र में नए कनेक्शन तीन दिन के भीतर दिए जाए।

### ऑन लाइन ट्रांसफर आवेदन लेंगे

श्री तोमर ने कहा कि कार्मिकों के लिए स्वेच्छिक ट्रांसफर आवेदन अब ऑन लाइन लिए जाएंगे। इसके लिए आईटी टीम कार्य कर रही है। यहां हर सप्ताह आवेदनों की सूची निकाली जाएगी, ट्रांसफर चाहने वालों के कारण की पुष्टि होने व जरूरत साबित होते ही आदेश जारी कर दिए जाएंगे। श्री तोमर ने लाइन, ट्रांसफार्मर के कार्य के दौरान सुरक्षा नियम पालन करने, कारण बताओं नोटिस एवं विभागीय जांच आदि के लंबित प्रकरणों के समाधान के निर्देश दिए।

### प्रत्येक बकायादारों से संपर्क करे

मिटिंग के दौरान निदेशक वाणिज्य श्री पुनीत दुबे ने सभी 15 जिलों के अधिकारियों से कहा कि बिजली बिलों की समय पर वसूली नितांत आवश्यक हैं। प्रत्येक बकायादारों से संपर्क किए जाएं। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, श्री एसएल करवाड़िया, श्री आरके आर्य, शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा, इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य आदि ने विचार रखें।



# शिवनगर मूसाखेडी में सामाजिक सरोकार का कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जन विकास सोसायटी आश्रम केम्पस पालदा इन्दौर शिवनगर मूसाखेडी (थाना आजाद नगर) में सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर द्वारा आज एक कार्यशाला पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में आयोजित की गई । कार्यशाला में संस्था की श्रीमती गीता चौहान उप पुलिस अधीक्षक, श्रीमती शैलजा पटवा उप पुलिस अधीक्षक, वैज्ञानिक अधिकारी श्रीमती सुचिता पाण्डेय, प्रभारी रक्षित निरीक्षक गोविन्द वर्मा, निरीक्षक राजकुमार राठौर, निरीक्षक स्वराज डाबी, निरीक्षक श्रीमती प्रियंका कामले, डॉक्टर विवेक जैन एवं जन विकास सोसायटी आश्रम केम्पस पालदा इन्दौर के निदेशक श्री सिनोज जोसफ, समन्वयक सूरेश परमार एवं मेंबर शिव कुमार चौहरे शामिल हुए। जन विकास सोसायटी आश्रम केम्पस पालदा इन्दौर के समन्वयक श्री सुरेश परमार द्वारा बच्चों/महिलाओं को अच्छे समाज की स्थापना हेतु बताया गया कि किसी भी अपराध को रोकने हेतु एकजुटता के साथ खडे होकर आवाज उठाना होगी कार्यक्रम समाप्ति के पशचात बच्चों को बिस्किट वितरण किया गये । आयोजन के दौरान लगभग 150 बच्चे/महिला/पुरूष उपस्थित हुए आयोजन में तकनीकी सहायता हेतु प्रआर. 114 आतिफ खिलजी, आर.120 ऋषि कुमार एवम संस्था का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा ।

# अपग्रैड ने लर्निंग सेंटर के साथ इंदौर में प्रवेश किया

### → 100 ऑफलाइन टचप्वाइंट के लिए योजना की रूपरेखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एकीकृत शिक्षण कौशल और कार्यबल विकास कंपनियों में से एक अपग्रेड ने अपने पहले ऑफलाइन शिक्षण केंद्र के साथ इंदौर में प्रवेश किया। अपने मजबूत घरेलू विस्तार के अनुरूप, नवीनतम आगमन कंपनी के 100 ऑफलाइन कनेक्ट और काउंसलिंग और लर्निंग टच-प्वाइंट का एक हिस्सा है जो इसके ऑनलाइन विकास को और बढ़ाएगा।**

ये शिक्षण केंद्र अनुभवी अध्यापकों और विभिन्न क्षेत्रों में तत्काल कौशल प्राप्त करने वाले नए लोगों दोनों के लिए महत्वपूर्ण शिक्षण केंद्र के रूप में काम करेंगे। चाहे लघु प्रमाणन के माध्यम से या गहन बूटकैंप के माध्यम से, इन केंद्रों को त्वरित प्रगति और कैरियर परिणामों को सुनिश्चित करते हुए सामाजिक या वित्तीय बाधाओं के कारण होने वाली देरी को दूर करने के लिए व्यक्तियों के लिए एक गतिशील सीखने का माहौल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

इनके अलावा, अपग्रेड ने हाल ही में मुंबई और दिल्ली में अपने पहले दो परामर्श केंद्रों का उद्घाटन किया है। इन केंद्रों को व्यापक दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ मिली हैं। पहले 30 दिनों के भीतर, उन्होंने 500 से अधिक कैरियर परामर्श सत्र आयोजित किए हैं। बढ़ती लोकप्रियता और सकारात्मक चर्चा के साथ, 100 केंद्रों का व्यापक लक्ष्य पांच लाख से अधिक व्यक्तियों को उनके करियर के बारे में परामर्श देना है, जबकि शिक्षण केंद्रों का लक्ष्य 10,000 से अधिक शिक्षार्थियों को नामांकित करना है। कंपनी ने गैर-महानगरों/छोटे शहरों में प्रवेश करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक कोष अलग रखा है और यह पहल 50 से अधिक फ्रेंचाइजी और 150 चैनल भागीदारों के साथ अपग्रैड की मौजूदा ऑफलाइन उपस्थिति को और बढ़ाती है। लर्निंग सेंटर पहली मंजिल, ब्रिलियंट सेंटर, 17, रेस कोर्स रोड, जंजीरवाला स्क्वायर के पास, वेस्टसाइड के ऊपर, एचआईजी कॉलोनी, इंदौर, मध्य प्रदेश (आईएन) पर स्थित है।

# 11 फरवरी को इंदौर आ सकते हैं पीएम

### → एयरपोर्ट के आसपास का 3 किलोमीटर एरिया नो फ्लाइंग जोन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 फरवरी को इंदौर दौरा प्रस्तावित है। इसे लेकर पुलिस आयुक्त इन्दौर नगरीय ने फ्लाइंग ऑब्जेक्ट्स को उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है। धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के तहत आदेश जारी कर विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा श्रेणी एवं संभावित खतरों को दृष्टिगत रखते हुए यह आदेश जारी किया है।**

इंदौर एयरपोर्ट के 3 किलोमीटर की परिधि में रेड जोन/नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। यह आदेश 10 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक प्रभावशील रहेगा। इस आदेश के उल्लंघन पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 एवं अन्य धाराओं एवं अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कमर्शियल फ्लाइट्स इस प्रतिबंधात्मक आदेश के पालन से मुक्त रहेंगी।



**झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 11 फरवरी को पहली बार मध्य प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। पीएम झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश में झाबुआ से लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने तैयारी तेज कर दी है। पीएम की सभा को लेकर कोई अधिकृत कार्यक्रम अभी नहीं आया है, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भूरिया का कहना है कि सभा झाबुआ की गोपाल पुरा हवाई पट्टी पर होगी।

# फास्ट फूड, सब्जी वाले के अकाउंट से करोड़ों का ट्रांजेक्शन

→15 हजार का लालच देकर खाते खुलवाए, फर्जी कंपनी बनाकर 50 करोड़ का लेन-देन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम पुलिस ने तीन ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने चार फर्जी कंपनियों के जरिए डेढ़ महीने में 50 करोड़ से अधिक का ट्रांजेक्शन किया। ये ट्रांजेक्शन फास्ट फूड, सब्जी का ठेला लगाने वाले और मजदूर के बैंक अकाउंट से किया गया। इस रैकेट के तार महाराष्ट्र, गुजरात व राजस्थान से जुड़े हैं। बताया जा रहा है कि इसमें अन्य राज्यों की 40 से 50 फर्जी कंपनियों के शामिल होने का अंदेशा है। पुलिस मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला के एंगल से जांच कर रही है। तीनों आरोपी तुलसीराम (26) पिता गोपाललाल ओझा, योगेश पिता मदनलाल शर्मा और सूर्यप्रकाश पिता ओमप्रकाश त्रिपाठी जेल में हैं। तीनों 10वीं पास हैं।

## आरोपी सीधे-सादे लोगों को शिकार बनाते थे

मूलरूप से इंदौर का रहने वाला सूरज चौरे रतलाम में रहकर नीमचौक पर फास्ट फूड का ठेला लगाता है। सूरज ने औद्योगिक नगर थाने में शिकायत की। बताया-छह महीने पहले उसकी मुलाकात भीलवाड़ा के रहने वाले तुलसीराम (26) से हुई थी। उसने हर महीने 15 हजार रुपए देने का लालच दिया। तुलसीराम ने मोबाइल फोन की दो सिम, पैन कार्ड, आधार की तीन-तीन फोटोकॉपी और पासपोर्ट साइज के 12 फोटो भी लिए थे। तुलसीराम ने पंजाब नेशनल बैंक की अलकापुरी शाखा में ढाई हजार रुपए देकर दो बैंक खाते खुलवाए। सूरज ने बताया कि तुलसीराम ने रुपए नहीं दिए। इसके बाद बैंक में खाता बंद करवाने पहुंचा। यहां बैंक अफसर की बात सुनकर पैरों तले जमीन खिसक गई। बताया-अकाउंट से करोड़ों का लेनदेन हो रहा है। शक होने पर खाता फ्रीज करवा दिया।

## डेढ़ साल पहले आरोपी आया था रतलाम

सूरज की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 120 बी में केस दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपी करीब डेढ़ साल पहले भीलवाड़ा से रतलाम आए। यहां शक्तिनगर में किराए से मकान लिया। हरदेवलाला पिपली क्षेत्र में साड़ी की दुकान लगाई। दुकान नहीं चली, तो बंद कर दी। इसके बाद आगर मालवा में कपड़े की दुकान खोली। इसके बाद वापस रतलाम आ गए।

## इनके नाम से खोले खाते, 50 करोड़ का ट्रांजेक्शन

रढ राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि बैंकों में खाते खोलने के पहले कंपनी बनाने के लिए नंबर भी लिए गए। उसी आधार पर खाते खोले गए। फर्जी कंपनी अग्नि ट्रेडर्स के नाम से एसबीआई व पीएनबी में सूरज चौरे, आस्था इंपेक्स के नाम से फाइनेंशियल बैंक, यस बैंक व एसबीआई में मजदूरी करने वाले राहुल भालिया, रौनक इंटरप्राइजेस के नाम से एयू बैंक व एसबीआई में प्रिंटिंग प्रेस पर काम करने वाले अजय राठौड़ व सिद्धेश्वर एक्सियोम के नाम पीएनबी व फाइनेंशियल कंपनी में सब्जी का ठेला लगाने वाले संदीप सरौदिया के नाम से खाते खोले गए। इन सभी खातों में पिछले डेढ़ महीने में करीब 50 करोड़ का ट्रांजेक्शन हुआ है।

## एक दिन में 50 लाख तक हुए जमा

जिन बैंकों में फर्जी कंपनियों के नाम से खाते खोले गए, उनमें एक दिन में 5 लाख, 10 लाख तो कभी 50 लाख रुपए तक जमा हुए।

## रतलाम में नेटवर्क बिछाने वाले तो सिर्फ मोहरे हैं

एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि ये आरोपी सिर्फ मोहरे हैं। ये लोग केवल अकाउंट खुलवाने तक सीमित हैं। मामले में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान व दिल्ली के बड़े-बड़े लोग शामिल हैं। मामला हवाला के रुपयों से जुड़ा हो सकता है। जांच में अभी तक अन्य राज्यों में 40 से 50 फर्जी कंपनियों के बैंक खातों का पता चला है।

# नोट का पेपर बनाने वाली मिल में टेक्नीशियन की मौत

### हाथ-पेट का हिस्सा मशीन में आया; साथी बोले- अधिकारी अवैध काम कराते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। नर्मदापुरम की पेपर मिल में गुरुवार सुबह जूनियर टेक्नीशियन की मशीन में फंसकर मौत हो गई। घटना सुबह 10 बजे की है। नाराज परिजन, कर्मचारी और यूनियन से जुड़े लोगों ने शव लेकर जा रही एंबुलेंस को ढाई घंटे तक रोके रखा। वे मिल के गेट पर ही धरने पर बैठ गए।**

पराग सैनी, तहसीलदार देवराम उइके, कोतवाली सौरभ पांडे मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाया। कर्मचारियों की मांग है कि घटना किसकी गलती से हुई, बताया जाए। केंद्र सरकार के प्रतिभूति कागज कारखाने के जूनियर टेक्नीशियन प्रयास गौर पीएम-5 पेपर मशीन की कपलिंग में फंस गए थे। उनका हाथ मशीन में आया, इसके बाद पेट का हिस्सा भी फंस गया। पेपर मिल में नोटों के लिए कागज बनाया जाता है। प्रतिभूति कागज कारखाना में ही सीनियर टेक्नीशियन मनोजीत पाल ने आरोप लगाते हुए कहा, अधिकारी जबरदस्ती इलीगल काम कराते हैं। सीआर (करियर रिकॉर्ड) खराब करने की धमकी देते हैं।

## साथी टेक्नीशियन बोले- जब तक हमने इमरजेंसी बटन दबाया, घटना हो चुकी थी-

घटना के प्रत्यक्षदर्शी जूनियर टेकनीशियन विनीत नंदेश्वर ने बताया, मशीन में वैक्यूम लीकेज होने पर गीला पेपर लगाया जाता है। अधिकारियों के दबाव में ऐसा चलती मशीन में ही करना पड़ता है। आज सुबह साथी बुद्धदेव चौधरी वैक्यूम लीकेज में गीला पेपर लगा रहे थे। एक तरफ के लीकेज को उन्होंने प्रयास को बताया। दूसरे लीकेज को बंद करने की बात कहकर आगे चले गए। प्रयास काम के दौरान मशीन की चपेट में आ गए। मैं और बुद्धदेव दौड़े। इमरजेंसी बटन दबाया, लेकिन घटना हो चुकी थी।

विनीत का कहना है, सेफ्टी मेजर फॉलो नहीं किए जा रहे। मशीन की दिक्कत बताई जा चुकी है। सभी को पता भी है। लेकिन, हम पर दबाव डाला जाता है कि काम करना ही है। जूनियर टेक्नीशियन बुद्धदेव चौधरी ने बताया, मशीन की मोटर पर पहले सेफ्टी गार्ड लगा हुआ था। बहुत दिनों से यह टूटा पड़ा हुआ है। किसी ने ध्यान नहीं दिया। जगह भी इतनी कम है कि बहुत मुश्किल से काम कर पाते हैं।

## अधिकारी बोले- आरोप गलत, दबाव डालकर काम नहीं होता

मिल के जनसंपर्क अधिकारी संजय भावसार ने वर्कर्स के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा, भारत सरकार का संस्थान है, इसलिए दबाव डालकर काम का सवाल ही नहीं। नियमानुसार काम होता है। सुरक्षा नियमों का पूरा पालन किया जाता है। उन्होंने कहा, हम जूनियर टेक्नीशियन के परिवार के साथ हैं। जांच कमेटी बना दी है। दोषी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जबलपुर मेयर का तर्पण किया

**जबलपुर।** नगर निगम के मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू का आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तर्पण किया। मेयर के कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन करने के विरोध में कार्यकर्ता नर्मदा के ग्वारीघाट पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जगत बहादुर सिंह ने पार्टी को धोखा दिया है, उससे हम लोगों ने उन्हें मरा हुआ समझ लिया है। जगत बहादुर ने बुधवार को भोपाल में भाजपा मुख्यालय पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ली थी।

# खजुराहो में 50वां नृत्य महोत्सव 20 फरवरी से

→कत्थक कुंभ में 1600 कलाकर प्रस्तुति देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे; 26 तक चलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 50वां खजुराहो नृत्य महोत्सव 20 से 26 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कत्थक कुंभ में एक साथ 1600 से अधिक कलाकार नृत्य की प्रस्तुति देकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। इसमें 25 देशों के एम्बेडसर भी शामिल होंगे। रोमांच प्रेमियों के लिए स्काई ड्राइविंग भी 20 से 25 फरवरी के बीच होगी। जिसमें कैम्पिंग, ट्रेल जॉय राइड, वाटर एडवेंचर, स्पीड बोट, बनाना राइड, शिकारा बाइड, राफ्टिंग, विलेज टूर, ई-बाइक टूर, रानेह फॉल टूर, दतला पहाड़, सेगवे टूर, खजुराहो नाईट टूर, फॉर्म टूर जैसी एक्टिविटी का मजा भी टूरिस्ट ले सकेंगे।

नृत्य महोत्सव को लेकर गुरुवार को संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया, देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के उत्सव का उजास 20 फरवरी से खजुराहो नृत्य महोत्सव के रूप में होने जा रहा है। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो की धरती एक बार फिर शास्त्रीय नृत्य की गरिमामय प्रस्तुतियों से गुंजयमान होगा। बुंदेलों की धरती पर देशभर से पधारने वाले प्रतिष्ठित लोक नर्तक अपनी घुंघरुओं की झंकार और कदमताल से छटा बिखरेंगे।



## महोत्सव की 1975 से हुई थी शुरूआत

वर्ष 1975 में शुरू हुआ खजुराहो नृत्य महोत्सव इस वर्ष अपना स्वर्ण जंयती वर्ष मना रहा है। इस उपलब्धि को खास एवं यादगार बनाने के संस्कृति विभाग कत्थक कुंभ का आयोजन भी कर रहा है। पहले दिन कत्थक नृत्य में 1600 से अधिक कलाकार सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति देंगे और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड 1205 कलाकारों की एकसाथ प्रस्तुति का है।

## 26 फरवरी तक चलेगा महोत्सव

संस्कृति विभाग द्वारा उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के माध्यम से खजुराहो में प्रतिवर्ष खजुराहो नृत्य समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग एवं पुरातत्व विभाग की सहभागिता से किया जाता है। पश्चिमी मंदिर समूह परिसर के अंदर चंदेलकालीन कंदारिया महादेव मंदिर तथा देवी जगदंबा मंदिर के मध्य विशाल मुक्ताकाशी मंच पर यह उत्सव 26 फरवरी तक आयोजित होगा।

# बकरी चुराने फर्जी नंबर की स्कॉर्पियो में पहुंचे चोर

### ग्रामीणों ने ड्रम रखकर रोका; ड्रम उड़कर लगने से बाप-बेटे की मौत, दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में इन दोनों बकरियों को चुराने वीआईपी चोर फर्जी नंबर की स्कॉर्पियो में घूम रहे हैं। जो स्कॉर्पियो में बकरियों को भरकर बेचने का काम कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ मामला सिहोरा के ग्राम सुहजनी से आया है। जहां मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात तीन चोर बकरी चुराने फर्जी नंबर की स्कॉर्पियो में बैठकर आए हुए थे। जिन्हें ग्रामीणों ने ड्रम रखकर रोकने की कोशिश की थी। लेकिन चोरों ने वाहन तेज कर ड्रम के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी।**

जिससे ड्रम उड़कर बाप-बेटे को लगा और दोनों की मौत हो गई। वहीं परिवार के अन्य दो लोग घायल हो गए। लिहाजा तीनों अज्ञात चोर फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस दो दिनों से जुटी हुई है। लेकिन कोई भी सुराग अभी तक पुलिस को नहीं मिल पाया है।

एएसपी सूर्यकांत शर्मा के मुताबिक चोर बकरी को स्कॉर्पियो एमपी 20 7अ 775 में रख रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों सहित लमकना गांव के बाप-बेटे रामधनी दाहिया (60) और सोनेलाल दाहिया (40) की नजर चोरों पर पड़ गई। जिसके बाद देखते ही देखते ग्रामीण इकट्ठा हो गए। भीड़ को देख चोर नजदीक के गांव में बकरी लेकर स्कॉर्पियो सहित भागे। लेकिन घेराबंदी देख वापस लौटे।

## →स्कॉर्पियो का नंबर फर्जी, एक डिजिट गायब

इसी दौरान सुहजनी गांव के लोगों ने ड्रम रखकर स्कॉर्पियो को रोकने की कोशिश की। लेकिन चोरों ने ड्रम को भी उड़ा दिया। जिससे ड्रम सीधे जाकर बाप बेटे को लगा। जिससे बाप-बेटे की मौत हो गई।

## New Delhi

# हल्द्वानी हिंसा पर DM का बड़ा दावा- अफसरों को जिंदा जलाने की कोशिश; बताया क्यों बुलडोजर ऐक्शन

**हल्द्वानी, (एजेंसी)** हल्द्वानी में हुई हिंसा को लेकर नैनीताल की डीएम वंदना ने शुक्रवार सुबह को विस्तार से जानकारी दी। डीएम ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर नगर निगम की टीम अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला रही थी। उन्होंने कहा कि किसी को टारगेट नहीं किया गया और ना ही दोनों ढांचे किसी धार्मिक या शैक्षणिक स्थल के रूप में पंजीकृत थे। डीएम ने भीड़ की ओर से की गई हिंसा की जानकारी देते हुए बताया कि थाने पर भी हमला किया गया और पुलिसकर्मियों को जिंदा जालने की कोशिश की गई।



डीएम वंदना सिंह ने कहा आधिकारिक तौर पर दो मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में चार मौतों की सूचना मिली थी, लेकिन बाद में वेरिफाई किया तो पता चला कि दो लोगों की मोत हुई है। कृष्णा अस्पताल में दो शव पहुंचे थे। इन्हें रिसीव नहीं किया गया और एसटीएच भेज दिया गया। दोनों जगह गिनती हो जाने की वजह से चार शव बताने की कंफ्यूजन हुई थी।

डीएम ने कहा कि थाने को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस-प्रशासन और नगर निगम की गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। पत्रकारों की गाड़ियों को भी जलाया गया है। डीएम ने साफ किया कि यह सांप्रदायिक घटना नहीं है, बल्कि स्टेट मशीनरी को टारगेट और चैलेंज किया गया। उन्होंने कहा कि नुकसान का वृस्तृत आकलन किया जा रहा है। उन्होंने उपद्रवियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन की चेतावनी भी दी।

## Bihar

# बदमाशों ने सिगरेट और गुटखा लिया, दुकानदार ने पैसे मांगे तो मार दी गोली



**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसराय में बेखौफ बदमाशों ने सिगरेट और गुटखा के पैसे मांगने पर बुजुर्ग दुकानदार को गोली मार दी. इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, ये घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कैथमा गांव की है. यहां 65 वर्षीय भोला साह अपने घर के पास ही दुकान चलाते हैं. गुरुवार की रात करीब 7 बजे गांव का ही गंगा कुमार अपने तीन साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा था. उसने भोला साह से 50 से 60 रुपया के सिगरेट और गुटखा लिया. जब भोला ने पैसे मांगे तो गंगा विवाद करने लगा. जब भोला साह ने लगातार उससे पैसे मांगे तो उसने दुकानदार को पिस्टल से गोली मार दी. गोली दुकानदार के पैर में लगी है. आरोपी ने उधारी में सिगरेट और गुटखा नहीं देने पर घटना को अंजाम दिया. फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और घायल भोला साह को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. घटना की सूचना मुफस्सिल थाना पुलिस को दी गई. गोली मारने वाला आरोपी गांव का ही रहने वाला है. घायल दुकानदार ने बताया कि रोज की तरह गंगा अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचा था और करीब 60 रुपये का सिगरेट व गुटखा लिया था.

## Rajasthan

# स्विट्जरलैंड की 78 साल की टूरिस्ट की मंडावा में मौत, होटल में अचेत मिली थी, हार्ट अटैक से हुई मौत

**झुंझुनूं, (एजेंसी)** स्विट्जरलैंड से भारत घूमने आई 78 साल की टूरिस्ट बुजुर्ग महिला की झुंझुनूं जिले के मंडावा में बुधवार रात हार्ट अटैक मौत हो गई। गुरुवार सुबह महिला होटल के अपने कमरे में बिस्तर पर मृत मिली। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले, इसलिए पुलिस पहली नजर में हार्ट अटैक से मौत मान रही है। मंडावा ग्रामीण डिप्टी रोहिताश देवेंदा ने बताया, स्विट्जरलैंड की टूरिस्ट जिन कॉलेट छह फरवरी को घूमने के लिए झुंझुनूं के मंडावा पहुंची थी। उनके दल में दो अन्य विदेशी सैलानी हैं, जो बेल्जियम के रहने वाले हैं। गुरुवार सुबह जिन अपने होटल के कमरे में अचेत मिली थी।

सूचना पर मंडावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से जिन को बीडीके अस्पताल लाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। होटल मैनेजर से रिपोर्ट लेकर मर्ग दर्ज की गई है। स्विट्जरलैंड दूतावास को जिन कोलेट की मौत की सूचना दे दी गई है। वहां से आदेश आने के बाद बॉडी को भेजा जाएगा, मामले की जांच जारी है।

## Noida

# तीन साल की बच्ची से किया रेप, अब पुलिस से आरोपी बोला- गलती हो गई, एनकाउंटर में लगी गोली

**नोएडा, (एजेंसी) ग्रेटर नोएडा में 3 साल की बच्ची से रेप करने वाले आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हो गई. मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिससे वह घायल हो गया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को घायल अवस्था में इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है. इस आरोपी ने खेतों में 3 साल की बच्ची से रेप की घटना को अंजाम दिया था.**

जानकारी के अनुसार, यह घटना ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना इलाके की है. यहां पुलिस की रेप के आरोपी से मुठभेड़ हो गई. इस दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की. इस दौरान उसने पुलिस पर हमला कर दिया. बचाव में पुलिस ने गोली चलाई, जो आरोपी के पैर में जा लगी. इससे आरोपी घायल हो गया. इसके बाद पुलिस आरोपी को अस्पताल ले गई. इस दौरान आरोपी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि गलती हो गई, अब ऐसी गलती नहीं होगी.

अधिकारियों का कहना है कि इस आरोपी पर तीन साल की बच्ची से रेप का आरोप है. उसने बच्ची को खेतों में ले जाकर उसके साथ रेप किया था. इसके बाद बच्ची लहूलुहान हालत में लोगों को मिली थी. लोगों की सूचना के बाद बच्ची के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर देने के साथ ही बच्ची को अस्पताल ले जाया गया था. फिलहाल पुलिस बच्ची के साथ रेप के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है.

## खेल

# अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से कभी नहीं हारा भारत, क्या इस बार लगेगी जीत की हैट्रिक?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पाकिस्तान की हार के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। गुरुवार रात ऑस्ट्रेलिया ने करीबी मैच में पाकिस्तान को 1 विकेट से धूल चटाकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। फाइनल में कंगारुओं का सामना गत चैंपियन भारत से होना है। टीम इंडिया ने पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर शान से फाइनल में प्रवेश किया था। अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह तीसरा मौका होगा जब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। इससे पहले दो बार यह दोनों टीमें खिताबी मुकाबले में भिड़ चुकी है और उन दोनों ही बार टीम इंडिया ने कंगारुओं को धूल चटाई थी।



उनमुक्त चंद की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने सबसे पहले 2012 में ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हार का मुंह दिखाया था। उस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारुओं ने निर्धारित 50 ओवर में 225 रन बोर्ड पर लगाए थे। कप्तान उनमुक्त चंद के शतक के दम पर भारत ने 6 विकेट रहते मुकाबले के साथ ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारतीय कप्तान इस मैच में नाबाद रहे थे, उन्होंने 7 चौकों और 6 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 111 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

पृथ्वी शॉ की अगुवाई में भारत ने दूसरी बार कंगारुओं को धूल 2018 में चटाई थी। इस बार टीम इंडिया ने पिछली बार से बड़ी जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया ने इस बार भी पहले बल्लेबाजी करते हुए टारगेट सेट किया था। उन्होंने टीम इंडिया के सामने जीत के लिए 217 रनों का लक्ष्य रखा था। इस बार भी भारतीय सलामी बल्लेबाज के बल्ले से शतक निकला था, मगर वह कप्तान नहीं थे। मनोज कालरा की 101 रनों की नाबाद पारी के दम पर भारत ने 38.5 ओवर में 8 विकेट रहते इस स्कोर को हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की थी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप 2024 में अजेय रथ पर सवार टीम इंडिया की नजरें फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर होगी। पिछली दोनों ही बार भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने शतक जड़ टीम इंडिया को जीत दिलाई थी। ऐसे में भारत के लिए नंबर-2 पर बैटिंग करने वाले अर्शिन कुलकर्णी से भी बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

अगर टीम इंडिया कंगारुओं को चित करने में कामयाब रहती है तो वह लगातार दूसरा और रिकॉर्ड 6ठां खिताब अपने नाम करेगी। भारत बैक टू बैक अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाला दूसरा देश बनेगा। इससे पहले पाकिस्तान 2004 और 2006 में लगातार दो बार ट्रॉफी जीत चुका है।

## सिनेमा

# मां बनने वाली हैं एक्ट्रेस यामी गौतम, प्रेग्नेंसी के हुए इतने महीने



2024 कई सितारों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया. उन्हीं में से एक बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम भी हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं. वो जल्द ही मां बनने वाली हैं. यामी के मां बनने की खबर ने उनके तमाम फैंस को खुश कर दिया है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यामी गौतम शादी के 3 साल बाद अपना पहला बेबी एक्सपेक्ट कर रही हैं. एक्ट्रेस साढ़े पांच महीने की प्रेग्नेंट हैं. उनकी प्रेग्नेंसी का सेकंड ट्राइमेस्टर चल रहा है. वो अपने प्रेग्नेंसी फेज को काफी एन्जॉय कर रही हैं. रिपोर्ट में बताया गया है- यामी को जबसे अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में पता चला है, वो सुपर एक्साइटेड और हैप्पी हैं. उम्मीद है कि एक्ट्रेस मई 2024 में ही अपने बच्चे को जन्म देंगी. यानी ये साल यामी और उनके पूरे परिवार के लिए काफी खास और यादगार होने वाला है. यामी गौतम ने 4 जून साल 2021 को अपने सपनों के राजकुमार आदित्य धर संग शादी रचाई थी. आदित्य पेशे से राइटर और डायरेक्टर हैं. यामी और आदित्य की पहली मुलाकात फिल्म उरी के सेट पर हुई थी, क्योंकि एक्ट्रेस के पति ने ही इस फिल्म को डायरेक्ट किया था. सेट पर ही दोनों की दोस्ती बढ़ी और फिर उनका रिश्ता प्यार में बदल गया. दो साल की डेटिंग के बाद दोनों ने सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक दूसरे का हाथ थाम लिया था.

# संपादकीय

## जोखिमभरे काम में हादसे रोकने के पुख्ता इंतजाम नहीं

पटाखा निर्माण सदा जोखिमभरा काम होता है। ऐसी जगहों पर काम करने वालों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की दरकार होती है। मगर हमारे यहां अधिकतर पटाखा कारखाने अव्वल तो अवैध रूप से चलाए जाते हैं और जो पंजीकृत हैं, उनमें भी सुरक्षा के भरोसेमंद उपाय नहीं किए जाते। यही वजह है कि छोटी-सी चिनगारी भी उन जगहों पर बड़े हादसे का रूप ले लेती है। मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा कारखाने में लगी आग इसका ताजा उदाहरण है। इस घटना में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और एक सौ चौहत्तर लोग घायल हो गए। सरकार ने घायलों के इलाज का प्रबंध कराया और मृतकों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा करके जांच का आदेश दे दिया, जैसा कि ऐसे हर हादसे के वक्त देखा जाता है। मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि पटाखा कारखानों में होने वाले ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कब होंगे। पहले दिवाली के समय किसी लापरवाही के चलते ऐसे हादसे हो जाया करते थे, अब साल भर ऐसी घटनाओं की खबरें आती हैं। दरअसल, पटाखा बनाने का कारोबार काफी बड़े पैमाने पर होने लगा है, इसलिए कि इसकी खपत वर्ष भर बनी रहती है। शादी-ब्याह से लेकर अनेक पर्व-त्योहारों, क्रिकेट आदि के खेलों के समय भी पटाखे फोडने और आतिशबाजी का चलन बढ़ता गया है। पहले कुछ जगहों पर पटाखे बनते थे, जहां से पूरे देश में उनका वितरण हुआ करता था, अब हर राज्य में पटाखों के कारखाने खुल गए हैं।पिछले वर्ष बिहार में पटाखा कारखाने में भयावह विस्फोट हुआ था, जिससे आसपास के मकान भी ढह गए। वह कारखाना थाने से सटी जगह पर अवैध रूप से चलाया जा रहा था। कायदे से पटाखे बनाने के लिए लाइसेंस लेना जरूरी होता है, मगर ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि चोरी-छिपे पटाखे बनाए जाते हैं। उनके लिए इतने बड़े पैमाने पर बारूद और दूसरी सामग्री किस प्रकार उपलब्ध होती है, इस पर शायद नजर नहीं रखी जाती। दिवाली के मौके पर पटाखे से फैलने वाले प्रदूषण को लेकर चिंता जताई जाती है, मगर बाकी समय इसे लेकर प्राय: चुप्पी ही बनी रहती है। जब तक पटाखा निर्माण को लेकर कोई व्यावहारिक उपाय नहीं किया जाता, ऐसे हादसों पर अंकुश लगाना कठिन बना रहेगा।

### अर्ज़ किया है..!

*ये दिल कब इश्क़ के*
*क़ाबिल रहा है*
*कहाँ इस को*
*दिमाग़ ओ दिल रहा है*

*-मज़हर मिर्ज़ा जान-ए-जानाँ*

---




**फूल हमेशा एकांत में खिलता है, और व्यक्ति के अंत:करण का फूल भी एकांत में खिलता है। हर व्यक्ति को अपना एकांत संभालना चाहिए।**

सत्य-प्रेम-करुणा...


साभार - Chitrakutdham Talgajarda

---

## महिला जगत

# ये हैं भारत के इतिहास की सबसे शक्तिशाली महिलाएं

## गर्व से लिया जाता है इनका नाम



भारत के इतिहास में कई शक्तिशाली और प्रेरणास्त्रोत महिलाएं हुईं, जिन्होंने अपने दौर में अद्वितीय योगदान दिया है। कोई राजा महाराजाओं के दौर में जन्मी और अंग्रेजी हुकूमत से संघर्ष करती रहीं, तो कुछ आजाद भारत की बुनियाद बनकर सामनो आईं। यहां कुछ महिलाओं का उल्लेख किया जा रहा है जिन्होंने भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### →रानी पद्मिनी (पद्मावती)

राजपूताना रानी पद्मिनी, जिन्होंने अपनी सौंदर्य और साहस की कहानी से अपनी पहचान बनाई। उनकी वीरता और समर्थन ने उन्हें एक ऐतिहासिक चरित्र बना दिया है। वह चित्तौड़ के राजा रतन सिंह की रानी थीं। कहते हैं चित्तौड़ में खिलजी के हमले के वक्त अपने सम्मान को बचाने के लिए रानी पद्मिनी ने 1303 में जौहर कर लिया था। मलिक मोहम्मद जायसी ने 1540 में पद्मावत लिखी।

### →रानी लक्ष्मी बाई

झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी वीरता के लिए पहचान बनाई। उनकी शौर्यगाथा भारतीय इतिहास के पन्नों पर सदैव बनी रहेगी। वाराणसी में जन्मी मणिकर्णिका, जिन्हें प्यार से मनु कहा जाता है, कि शादी गंगाधर राव से हुआ था। 1857 की क्रांति की सबसे बड़ी नायिका बन गईं। वह ग्वालियर में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ती हुई शहीद हो गई थीं।

### →इंदिरा गांधी

भारतीय राजनीति की पहली महिला प्रधानमंत्री और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद की सबसे बड़ी नेता में से एक थीं। उनका योगदान भारतीय राजनीति के इतिहास में अद्वितीय रहा। नेहरू परिवार की बेटी इंदिरा गांधी ने अपने कार्यकाल में कई बड़े फैसले लिए, जो इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो गए।

### →सरोजिनी नायडू

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख नेत्री और भारतीय समाज में स्त्री शिक्षा व समाज सुधार के लिए समर्थन करने वाली एक महत्वपूर्ण महिला रहीं। सरोजिनी नायडू देश की पहली महिला राज्यपाल थीं। वे अपने निधन तक इस पद पर रहीं। 2 मार्च 1949 को हार्ट अटैक से 70 वर्ष की उम्र में लखनऊ में उनका निधन हुआ।

इन महिलाओं ने अपने समय में अद्वितीय योगदान दिया और उनकी प्रेरणादायक कहानियाँ आज भी हमें साहस, उत्कृष्टता, और समर्पण की दिशा में मार्गदर्शन करती हैं।

## Highlights

1. **Who was Abhishek Ghosalkar, the politician shot dead on Facebook live in Maharashtra?**
2. **Centre approves telecom spectrum auction, base price ₹96,317.65 Cr**
3. **4 Killed In Violence Over Uttarakhand Madrasa Demolition**
4. **Utterly butterly ridiculous: Butter chicken wars**
5. **Haldwani violence: 4 dead, 100+ Police injured, internet suspended**

# LIC shares continue to surge, is it the new investor favourite?

**NEW DEIHI, (Agency).** Life Insurance Corporation (LIC) surged five per cent in open trade, continuing its stellar performance from Thursday when it hit an all-time high.

At opening, the shares of LIC were trading at ₹1162.25 against the previous day's close of ₹1106.

The surge in the insurer's stock came days after Prime Minister Narendra Modi mentioned its performance during his address to the Rajya Sabha.

"Opposition spread rumours about LIC, but today its shares are trading at record high price," the prime minister had said in the Rajya Sabha during the ongoing budget session.




On Thursday, the LIC stock zoomed 9.51 per cent to hit the record high of ₹1,144.45 before settling at a six per cent gain at ₹1,106.25 when the market closed. The company's market valuation surged by ₹38.740.62 crore to ₹6,99,702.87 crore. As a result, the company edged past ICICI Bank to become the fifth most valued firm by market capitalisation.

Last month, the insurer had surpassed State Bank of India (SBI) to become the country's most-valued PSU firm by market valuation.

The LIC stock was listed in May 2022. The government had sold over 22.13 crore shares, or a 3.5 per cent stake in LIC, through an Initial Public Offering (IPO).

# Paytm Payments Bank independent director quit after RBI crackdown

**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm Payments Bank independent director Manju Agarwal resigned from the board following the Reserve Bank of India action.

According to a PTI report, Agarwal had resigned from the board with effect from February 1. This comes a day after the central bank barred the Paytm Payments Bank from accepting new deposits or top-ups in customer accounts, wallets, FASTags or other instruments from February 29.

The Paytm Payments Bank is an associate of One97 Communications Limited, which holds 49 per cent of the paid-up share capital (directly and through its subsidiary) of PPBL. CEO Vijay Shekhar Sharma has a 51 per cent stake in the bank.




Discover the thrill of cricket like never before, exclusively on HT. Explore now!

On Thursday, the central bank had said that the action against Payments Bank was taken due to 'persistent non-compliance'.

"Our emphasis is always on bilateral engagement with the regulated entities with a focus on nudging them for corrective action. And sufficient time is given for undertaking such corrective action. When such constructive engagement does not work or when the regulated entity does take effective action, we go for imposing supervisory or business restrictions," RBI governor Shaktikanta Das had said.

# 10 दिन बाद फिर तेंदुए की दहशत

## नैनोदी की कॉलोनी कैम्पस में घूमते हुए दिखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में 10 दिन बाद फिर एक बार तेंदुआ दिखा है। कॉलोनी कैम्पस में घूमते हुए तेंदुए की तस्वीर नैनोद के ननौता गोम्मटगिरी की है। इलाके के लोगों का कहना है कि रात में अचानक खिडक़ी से बाहर नजर गई तो तेंदुआ दिख गया। पूरी रात हम घर के भीतर ही दुबके रहे। फोटो खींचकर वन विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी। सुबह जब घर से बाहर निकले तब भी डर बना रहा। मानो बाहर निकले तो शिकार कर लेगा। फोटो बुधवार रात की है।**

नैनोद के लोगों का कहना है कि हमारे इधर पूरा मैदानी इलाका है। मीट की कई दुकानों की वजह से आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। संभव है कि इसी वजह से तेंदुए का मूवमेंट इस इलाके में हो। हालांकि वन विभाग द्वारा पिंजरे लगाए गए हैं। छोटे बच्चों को बाहर निकलने से मना किया जा रहा है।

विभाग की नैनोद सहित आसपास की कॉलोनियों में तेंदुए की सर्चिंग पिछले कई दिनों से जारी है। एक बार तो यहां रखे गए पिंजरे में एक कुत्ता आकर फंस गया था। मूवमेंट को पता करने के लिए थर्मल कैमरे भी लगा रखे हैं। थर्मल कैमरा घने अंधेरे में भी मूवमेंट होने पर तस्वीर लेने में सक्षम होता है।

दरअसल, इंदौर की कॉलोनियों में तेंदुआ लगातार एक महीने से घूम रहा है। लेकिन वन विभाग के हाथ अभी भी खाली ही हैं। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तेंदुए को पकडऩे के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में पिंजरों की संख्या फिर एक बार बढ़ा दी गई है।

तेंदुआ सबसे पहले 15 जनवरी को सुपर कॉरिडोर स्थित आईटी कंपनी इंफोसिस और टीसीएस के कैंपस में नजर आया था। उसके बाद से इलाके की अलग-अलग कॉलोनियों में तेंदुए के मूवमेंट की जानकारी सामने आ रही है।

# एयरपोर्ट पर सफाईकर्मी ने की छात्रा से हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट पर एक सफाईकर्मी किशन खंडारे द्वारा छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना 4 फरवरी की है, लेकिन मामला अब सामने आया है। उसे हटा दिया गया है। दरअसल, इंदौर से एक छात्रा उदयपुर जा रही थी। वह सिक्योर होल्ड एरिया में बैठी थी। तभी सफाईकर्मी खंडारे वहां पहुंचा और छात्रा को अकेली देख खाली सीट पर बैठ गया। उसने इशारे किए, अपने मोबाइल में पोर्न मूवी भी लगाई। छात्रा घबराई और उसने दीवार पर लिखे नंबर पर टर्मिनल मैनेजर को कॉल किया। इसके बाद सिक्योरिटी मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। एयरपोर्ट प्रबंधन ने गुरुवार को पूरी जानकारी निकलवाई। मामले में सांसद लालवानी ने कहा यह घटना शर्मनाक है। सफाईकर्मी को हटाया जाना पर्याप्त नहीं है। उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी करवाई जाएगी।

# महिला के साथ चार लाख की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया इलाके में एक महिला के साथ चार लाख की धोखाधड़ी के मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी शर्मिला चौधरी पति विजय चौधरी निवासी सिंगापुर टाउनशिप की रिपोर्ट पर आरोपी सोमवीर पिता होशियार पुनिया निवासी ग्राम सुरेहती जाखळ जिला महेंद्रगढ हरियाणा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपी ने 4 जनवरी 2021 को लैट का सौदा कर नीयत खराब हो जाने के कारण पैसे वापस नहीं किए।

**फर्जी दस्तावेज से किया मकान का नामांतरण-** विजयनगर इलाके में फर्जी वसीयत, दान पत्र और दस्तावेजों के आधार पर मकान का नामांतरण कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी विकास की शिकायत पर आरोपी गोपाल पानेरी पिता कमला शंकर, ओमप्रकाश पानेरी निवासी ग्राम पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर सुखलिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने 6 फरवरी 2016 को स्कीम नंबर 71 सी विजयनगर स्थित फरियादी के दादा के मकान का फर्जी नामांतरण करवा लिया। आरोपियों ने फरियादी के दादा स्व जगदीशचंद्र काटीवाल की फर्जी वसीयत 4 अगस्त 2016 तैयार की गई थी। इसी वसीयत के आधार पर फर्जी रूप से दान पत्र तैयार कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मकान पर उनका नामांतरण करवाया जाना प्रथम दृष्टया प्रतीत होने से धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# गाड़ी छोड़कर भागा ड्रायवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशनगंज क्षेत्र में माल की अफरा तफरी कर ड्राइवर गाड़ी लावारिस छोडक़र भाग गया। पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी राहुल पिता केशव त्रषभ कुमार निवासी रिदि नगर केट रोड की शिकायत पर वाहन एमपी 09 जीएच 19&0 के चालक जितेंद्र पिता मनोहर निवासी पिपलाई जिला उज्जैन और राजेश उपाध्याय ग्राम पनरी जिला नरसिंहपुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। घटनास्थल विश्वासन नगर चौराहा है। आरोपियों ने 18 जनवरी को सामान की अफरा तफरी कर माल गायब कर दिया और गाडी को लावारिस हालत में छोडक़र भाग गए।

# बाइक से टकराया युवक, मौत

## रात में दोस्त के साथ खाना खाने जा रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर में हुए सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वह अपने दोस्त के साथ खाना खाने जा रहा था। इस दौरान माणिकबाग ब्रिज पर सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गया। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेज दिया है।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक घटना गुरुवार रात लगभग 12 बजे के आसपास की है। माणिकबाग ब्रिज पर हुए हादसे में हिमांशु (19) पुत्र भागीरथ की हादसे में मौत हुई है। वह पिपल्यहाना स्थित चौहान नगर का रहने वाला था। परिवार के लोगों ने बताया कि हिमांशु वह कलेक्ट्रेट के आसपास नाईट शिफ्ट में फर्नीचर का काम करता था। रात में खाना खाने जा रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया। जिस बाइक से हिमांशु की बाइक टकराई थी उसे भी मामूली चोट आई है। पुलिस के मुताबिक हिंमाशु के चार भाई बहन है। पूरा परिवार फर्नीचर का काम करता है। हिंमाशु के साथ उसका दोस्त रोहित था। उसे भी मामूली चोट आई है।

### अज्ञात वाहन ने ली बुजुर्ग की जान

तेजाजी नगर पुलिस ने साइकिल से गंतव्य की ओर जा रहे बुजुर्ग की दुर्घटना में हुई मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को साइकिल से गंतव्य की ओर जा रहे 55 वर्षीय कैलाश नामक बुजुर्ग को किसी अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था टक्कर से गंभीर रूप से घायल उक्त बुजुर्ग ने बाद में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है।

# दो महिलांए भिड़ी, एक ने दूसरी को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राऊ क्षेत्र में श्वान को घुमाने के विवाद में दो महिलाओं के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान एक महिला ने दूसरी को बाल पकडक़र पीटा और हाथ में काट लिया। राऊ पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना न्यू नंदविहार कालोनी राऊ में हुई। पुलिस ने फरियादी गोपाली पति राजेश केशरी(46) निवासी न्यू नंदविहार कालोनी की शिकायत पर आरोपी कलाबाई पति रामसिंह रावत निवासी कमल नगर राऊ पर मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। विवाद फरियादिया के घर के सामने हुआ। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरे पालतू श्वान को घुमाने के लिए मेरे लडक़े तरूण के साथ घर के सामने खेत में छोड़ा था तभी कलाबाई आई और मेरे लडक़े से बोली कि तू श्वान यहां क्यों घुमाने आती है। उसे गालियां दी। मैं कलाबाई को समझाने गई तो मुझे भी गालियां दी और दांत से हाथ और अंगुलियों में काट लिया। उसने मुझे बाल पकडक़र नीचे गिराकर पीटा।

**महिला को धमकाया-** थाना भंवरकुंआ इलाके में घर के सामने श्वान को खाना डाल रही महिला को एक स्कूटर सवार ने धमकाया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थाना भंवरकुंआ पुलिस के मुताबिक घटना अग्रवाल नगर में हुई। पुलिस ने &1 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर स्कूटर क्रमांक एमपी 05एमएस 2602 के चालक पर केस दर्ज कर लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अग्रवाल नगर में श्वानों को खाना डाल रही थी उसी दौरान स्कूटर सवार आरोपी वहां आ गया। उसने गालियां दी और जब मैं वहां से जाने लगी तो वह पीछा करते मेरे घर तक आ गया। उसने ये कहकर धमकाया कि तु हारा घर देख लिया है आज के बाद श्वानों को खाना डालने हमारे इधर आई तो जान से खत्म कर दूंगा।

# चिकन व्यवसायी पर हमला

इंदौर। भंवरकुंआ इलाके में एक बदमाश ने अड़ीबाजी करते हुए एक चिकन कारोबारी पर हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गया। थाना भंवरकुंआ पुलिस के मुताबिक हमले की वारदात खंडवा नाका रिक्शा स्टैंड के पास हुई। पुलिस ने फरियादी जितेंद्र पिता मोहन सिंह बाथम निवासी खंडवा नाका की शिकायत पर आरोपी शैलेंद्र बाबा निवासी भावना नगर पालदा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि खंडवा नाका रिक्शा स्टैंड के पास उसकी चिकन की दुकान है। आरोपी उसकी दुकान पर आया और दो किलो चिकन पैक रवाया और बिना पैसे दिए जाने लगा। जब उससे चिकन के पांच सौ रूपए मांगे तो आरोपी ने कहा कि मैं इलाके का दादा हूं मु त में समान लेता हूं। जब फरियादी ने विरोध किया तो आरोपी ने हाथ में पहने हुए कड़े से उस पर हमला कर दिया।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-9110 50101

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक